कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0, लखनऊ

दिनांक:– 19/08/2019

आवश्यक सूचना

यू0पी0 नीट यू0जी0 2019 के अन्तर्गत प्रथम व द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजो में आवंटन प्राप्त कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा नोडल सेन्टर पर निर्धारित शिक्षण शुल्क जमा करते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् प्रवेशित कालेज में अभी तक रिपोर्ट नही किया गया है। अतः ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है वह तत्काल प्रवेशित कालेज में अपना योगदान (रिपोर्ट) देना सुनिश्चित करें, यदि इसके उपरान्त भी अभ्यर्थी द्वारा प्रवेशित कालेज में रिपोर्ट नहीं किया जाता है, तो उनकी सीट रिक्त मानते हुए मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से अन्य अभ्यर्थियों को आवंटित कर दी जायेंगी तथा यू0पी0 नीट यू0जी0 2019 हेतु निर्गत शासनादेश एवं ब्रोशर में निहित प्राविधानो के अनुसार उक्त अभ्यर्थियो के द्वारा जमा किया गया शिक्षण शुल्क एवं सिक्योरिटी धनराशि जब्त कर ली जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।

महानिदेशक